## एक नजर में

### नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान का भव्य समापन समारोह संपन्न



**मंदसौर।** पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार ऽनशे से दूरी है जरूरीऽ अभियान के अंतर्गत 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए गए नशामुक्ति अभियान का भव्य समापन समारोह कुशाभाऊ ठाकरे ऑडिटोरियम में आयोजित किया गया। समारोह में पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद ने उपस्थित विद्यार्थियों, एनजीओ, सामाजिक संस्थाओं व आमजन को नशे से दूर रहने का संदेश देते हुए शपथ दिलाई। इस अवसर पर स्काउट गाइड, उड़ान संस्था और सृजन कार्यक्रम के बच्चों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में मंदसौर जिले के सभी थाना व चौकी क्षेत्रों में 15 दिवसीय अभियान के दौरान विद्यालयों, कॉलेजों, सार्वजनिक स्थानों और परिवहन केंद्रों पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पोस्टर, बैनर और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से नशामुक्त समाज की अलख जगाई गई। समापन समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक तेर सिंह बघेल, एसडीओपी कीर्ति बघेल, थाना प्रभारियों, एनसीसी, स्काउट गाइड, लायंस क्लब, नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, छात्र-छात्राएं और नागरिकगण उपस्थित रहे।

### शुल्क जमा न करने वाले बकायेदारों के विरुद्ध कुर्की वारण्ट जारी : जिला पंजीयक

**मंदसौर।** जिला पंजियक अधिकारी द्वारा बताया गया कि जिला कलेक्टर मंदसौर अदिति गर्ग के निर्देशन मे न्यायालय कलेक्टर ऑफ स्टाम्पस एवं अतिरिक्त तहसीलदार (वसूली) जिला मंदसौर म0प्र0 द्वारा मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता, 1959 की धारा 146 एवं 147 के अधीन, स्टाम्प ड्यूटी के बकायादारों को सूचित किया गया कि लंबित आर.आर.सी. प्रकरणों में उनके द्वारा कमी मुद्रांक शुल्क जमा न कराये जाने से उनके विरूद्ध मांगपत्र/कुर्की वांरट जारी किये गये है। बकायादारों के नाम इस प्रकार हैं नरेन्द्रकुमार जैन पिता पूरालाल जैन निवासी सदर बाजार सुवासरा मंडीतह सुवासरा जिला मंदसौर रु. 77687, रजनीश पिता बंशीलाल पाटीदार निवासी पिपलिया रतन तह मल्हाग हाल मुकाम भगवत टाउनशिप नाहरग, रजनीश पिता बंशीलाल पाटीदार निवासी पिपलिया रतन तह मल्हाग हाल मुकाम भगवती टाउनशिप नाहरग रु. 10811, रजनीश पिता बंशीलाल पाटीदार निवासी पिपलिया रतन तह मल्हाग हाल मुकाम भगवती टाउनशिप नाहरग रु. 11935, फय्याज मोहम्मद पिता युनुस मोहम्मद मुसलमान निवासी चमारी मोहल्ला नाहरग तह सीतामऊ जिला मंदसौर रु. 15323, कैलाशचन्द्र राठोर पिता हीरालाल राठोर निवासी बारी दरवाजा नाहरग तह सीतामऊ जिला मंदसौर रु. 28137, कमलेश कछाल पिता शिवनारायण कछाल निवासी चचोर तह मनासा हाल मुकाम माँ भगवती टाउनशिप नाहरग तह सीतामऊ रु. 9717, अर्जुन पाटीदार पिता भुवानीशंकर पाटीदार निवासी पिपलिया रतन तह मल्हारग हाल मुकाम माँ भगवती टाउनशिप नाहरग तह सीतामऊ रु. 8581, रामप्रसाद पाटीदार पिता कन्हैयालाल पाटीदार निवासी मगराना तह मल्हारग हाल मुकाम माँ भगवती टाउनशिप नाहरग तह सीतामऊ रु. 9960, सूरजमल चौधरी पिता कन्हैयालाल चौधरी निवासी रायसिंह पिपलिया आदि है।

## नशे से दूरी है जरूरी अभियान : नुक्कड़ नाटक से जागरूकता

**सीतामऊ/भानपुरा। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देश पर चलाए जा रहे ऽनशे से दूरी है जरूरीऽ पखवाड़ा अभियान के तहत माय इंग्लिश स्कूल में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी गई।**

इस अवसर पर एसडीओपी सीतामऊ, थाना प्रभारी मोहन मालवीय, विद्यालय प्राचार्य ऋतिक जैन, और चौकी प्रभारी विकास गहलोत ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि यह परिवार और समाज की उन्नति में भी बाधा उत्पन्न करता है।

कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे की लत से बचाना, उनमें जिम्मेदारी और जागरूकता की भावना विकसित करना था। उपस्थित पुलिसकर्मियों और शिक्षकों ने बच्चों को नशामुक्त जीवन की शपथ भी दिलाई।



### थाना परिसर में हुआ अभियान का समापन समारोह

15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए गए इस पखवाड़ा अभियान का समापन बुधवार को थाना परिसर में आयोजित एक विशेष समारोह में हुआ। समारोह में ग्राम रक्षा समिति के सदस्य, पुलिस प्रशासन के अधिकारी और स्थानीय गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने नशा उन्मूलन के प्रयासों को और अधिक मजबूत करने की प्रतिबद्धता जताई।

## टिफिन सेंटर संचालक और ग्राहक के बीच मारपीट

**भानपुरा (मंदसौर)।** बारिश के मौसम में टिफिन के खाने में कीड़े निकलने की शिकायत को लेकर टिफिन सेंटर संचालक और ग्राहक के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला मारपीट तक पहुंच गया। यह घटना भानपुरा तहसील के शीतला माता मंदिर क्षेत्र की है।

ग्राहक लालचंद मेघवाल, निवासी सिलागढ़ (वर्तमान में शीतला माता मंदिर के पास, भानपुरा में किराए से निवासरत), ने थाना भानपुरा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वे शुभम इंटरप्राइजेज के माध्यम से जल जीवन मिशन के तहत लोटखेड़ी में पाइपलाइन बिछाने का कार्य कर रहे हैं।

उन्होंने लगभग दो माह से टिफिन सेवा पंकज बैरागी के यहां से लेना शुरू किया था।लालचंद का आरोप है कि बीते कुछ दिनों से टिफिन के खाने में कीड़े निकल रहे थे। इस संबंध में उन्होंने संचालक पंकज बैरागी को कई बार अवगत कराया, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। 29 जुलाई की रात करीब 8 बजे पंकज बैरागी अपने भाई राहुल बैरागी के साथ उनके निवास पर आए और हिसाब करने के नाम पर गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे।



## नशा मुक्ति अभियान : भानपुरा पुलिस की सराहनीय पहल

**भानपुरा। पुलिस मुख्यालय भोपाल और जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भानपुरा पुलिस द्वारा नशा मुक्ति अभियान के तहत विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। श्रीमती कमला सकलेचा ज्ञान मंदिर में आयोजित निबंध प्रतियोगिता में कक्षा 9 से 12वीं तक के 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।**

प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अक्षित शर्मा (कक्षा 12वीं), द्वितीय स्थान रोनक जैन (10वीं) और तृतीय स्थान समीक्षा पनिहार (10वीं) ने प्राप्त किया। विजेताओं को स्वतंत्रता दिवस पर सम्मानित किया जाएगा।

थाना प्रभारी रमेशचंद्र दांगी सहित पुलिस टीम, विद्यालय स्टाफ और पीआरओ अशोक व्यास की उपस्थिति में बच्चों को नशे से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई।

अभियान के तहत सान्दीपनि स्कूल, मॉडल स्कूल, भैंसोंदामंडी और ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता कार्यक्रम हुए। बस स्टैंड और बड़े महादेव मंदिर पर यात्रियों को भी नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराते हुए शपथ दिलाई गई।

## तीन फरार इनामी आरोपियों के विरुद्ध मंदसौर पुलिस की सख्त कार्रवाई

**मंदसौर। पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार मंदसौर पुलिस द्वारा गंभीर और सनसनीखेज मामलों में फरार इनामी आरोपियों के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 209 के अंतर्गत सख्त कार्रवाई की गई है।**

थाना शामगढ़ और थाना वाय.डी. नगर पुलिस ने न्यायालय की उद्घोषणा के बावजूद पेश न होने वाले तीन फरार आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किए हैं।

फरार आरोपी हैंः भारत सिंह सौंधिया (निवासी ग्राम हामली, थाना शामगढ़) — 1000 का इनाम,. नौशाद अजमेरी (निवासी गौरखेड़ी, थाना नई आबादी मंदसौर) — 2500 का इनामी, शाहरुख लाला (निवासी खेजडि़या, थाना सीतामऊ) — 2500 का इनामी इन आरोपियों पर गंभीर धाराओं में प्रकरण दर्ज हैं।



## विभागीय छात्रावासों में प्रवेश की समीक्षा

**मंदसौर। जिला संयोजक जनजातीय कार्य विभाग ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के संभागीय उपायुक्त उज्जैन गणेश भाभर ने मंदसौर की विभागीय छात्रावासों के अधीक्षक की समीक्षा बैठक सुशासन भवन सभाकक्ष में ली।**

बैठक के दौरान उन्होने कहा कि जिले में संचालित अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संचालित छात्रावासों में स्वीकृत सीटों के अनुसार प्रत्येक छात्रावास में प्रवेश 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कराना सुनिश्चित करे। 31 जुलाई के पश्चात स्वीकृत सीटों में से सीटे रिक्त रहने की स्थिति में संबंधित छात्रावास अधीक्षको के विरूद्‌ अनुशासनात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

बैठक में सभागीय उपायुक्त भाभर ने विभागीय छात्रावासों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 में सस्था से स्वीकृत सीटों के विरूद्ध कराए गए प्रवेश की संस्थावार समीक्षा की रिक्त सीटों वाली संस्थाओं के अधील को 31 जुलाई तक अनिवार्य रूप से सीटों की पूर्ति करने के निर्देश दिये।

**एक नजर** | 600 से अधिक छात्र-छात्राओं ने लिया उत्साहपूर्वक भाग

## नशा मुक्ति अभियान के तहत गरोठ में भव्य जागरूकता रैली आयोजित

**गरोठ (मंदसौर)। ऽनशे से दूरी है जरूरीऽ पखवाड़ा अभियान के अंतर्गत भारत स्काउट गाइड जिला संघ मंदसौर एवं विकासखंड गरोठ के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को नशा मुक्ति जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गरोठ एवं संदीपनी विद्यालय के लगभग 600 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।**




रैली का शुभारंभ शा.क.उ.मा.वि. गरोठ परिसर से तहसीलदार महोदया द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौरभ जैन, पूर्व बीईओ एवं खड़ावदा संकुल प्राचार्य भगवान सिंह चौहान, विकासखंड स्काउट प्रभारी राजेश पंड्या, प्राचार्य देवेंद्र सिसोदिया, संदीपनी स्कूल से शैलेन्द्र सिंह चौहान, क्रीड़ा प्रभारी राजेश नाड़िया, खेल अधिकारी मयूर सोलंकी, स्काउट प्रभारी पीटर भूरिया, एवं नंदकिशोर शर्मा, भारत सिंह राजपूत, लक्ष्मी पंजाबी मैडम, गायत्री परिवार श्यामगढ़ से मोहनलाल जोशी और उनकी टीम, लायंस क्लब गरोठ, एनसीसी कैडेट्स, पत्रकारगण एवं विद्यालयों के शिक्षकगण उपस्थित रहे।

रैली क.उ.मा.वि. गरोठ से प्रारंभ होकर कुरेशी अस्पताल, पुरानी सब्ज़ी मंडी, शहीद चौक, नया बस स्टैंड होते हुए पुनः विद्यालय परिसर में संपन्न हुई। समापन समारोह में सौरभ जैन, भगवान सिंह चौहान, एवं मोहनलाल जोशी ने नशा मुक्त समाज की आवश्यकता और इसके दुष्परिणामों पर विद्यार्थियों को प्रेरक उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम का आभार विकासखंड स्काउट प्रभारी राजेश पंड्या ने व्यक्त किया। समापन के अवसर पर सभी विद्यार्थियों को स्वल्पाहार में बिस्किट वितरित किए गए।

# नीमच

## एक नजर में

### स्कूलों में शुरु नहीं हो सकी सेनेट्री नैपकिन की व्यवस्था

**नीमच।** छात्राओं को मुश्किल दिनों में स्कूल में कई प्रकार की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसको देखते हुए प्रदेश स्तर से सभी निजी और शासकीय स्कूलों में छात्राओं के लिए सेनेट्री नेपकिन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके बाद कुछ स्कूलों और कॉलेजों में इसकी शुरूआत की गई, लेकिन अब तक कुछ गिने चुके स्कूलों में सुविधा मिल पा रही है। शहर के शासकीय और निजी स्कूलों में शुरूआत में सेनेट्री नेपकिन का बॉक्स लगाया था और कुछ ही दिनों में वह खाली होने के बाद फिर से ध्यान नहीं दिया गया। शहर के शासकीय गर्ल्स कॉलेज, स्कूल, लॉ कॉलेज, यूनिवर्सिटी सहित कई बडे स्कूलों में जरूरतमंद छात्राओं सेनेट्री नेपकिन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। वहीं इसके साथ ही उपयोग की हुई सेनेट्री नेपकिन को डिस्पोज करने के लिए मशीन नहीं लगाई गई। जिससे छात्राओं को मुश्किल दिनों में परेशानी का सामना करना पड़ता है। इन दिनों परेशानी होने पर व स्कूल में सेनेट्री नेपकिन की सुविधा नहीं होने से छात्राएं स्कूल नहीं जा पातीं हैं। कॉलेज की छात्रा परवीन, स्वेता, हिमांशी, आराध्या आदि ने बताया कि यहां पर देखने लिए बाक्स लगे हैं लेकिन सेनेट्री नेपकिन नहीं हैं। न ही डिस्पोजल करने वाली मशीन है, ऐसे में छात्राओं को परेशानी होती है और कई छात्राएं 3-4 दिनों तक स्कूल नहीं आती हैं। जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित होती है।वहीं गर्ल्स स्कूल की छात्राओं का कहना है कि स्कूल उन्हें सेनेट्री नेपकिन नहीं मिलती है। साल भर में जब कभी अधिकारी जांच करने आते हैं और प्रबंधन द्वारा बॉक्स रख दिया जाता है। शहर के संस्थागत कुछ स्कूलों में छात्राओं को स्कूल के तीन अलग-अलग स्थानों में सेनेट्री नेपकिन की सुविधा दी जा रही है। स्कूल के पंकज जैन ने बताया कि बीते वर्षों से ये सुविधा दी जा रही है। इसका उद्देश्य मुश्किल समय में छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित न हो सके है।वहीं दूसरी और अधिकारियों का कहना है इस तरह के निर्देश की जानकारी अभी नहीं है, लेकिन स्कूलों में ये सुविधा बहुत जरूरी है।

### जिले में अब तक औसत 699.6 मि.मी. वर्षा दर्ज

**नीमच।** जिले में चालू वर्षाकाल में अब तक औसत 699.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। जबकि गत वर्ष इस अवधि में औसत 454.6 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई थी। अधीक्षक भू अभिलेख नीमच से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में एक जून से इस वर्ष अब तक नीमच में 626.5 मि.मी., जावद में 723 मि.मी., सिंगोली में 933.1 मि.मी. एवं मनासा में 516 मि.मी.वर्षा दर्ज की गई हैं। जबकि गत वर्ष इस अवधि में नीमच में 374 मि.मी.जावद में 520 मि.मी.एवं मनासा में 470 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई हैं। जिले में 30 जुलाई 2025 को प्रात- 8 बजे तक पिछले 24 घंटे में औसत 2.3 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटे में मनासा में 2 मि.मी एवं सिंगोली में 7.2 मि.मी.वर्षा दर्ज हुई हैं। नीमच एवं जावद में कोई वर्षा दर्ज नहीं हुई है।

### जनपद पंचायत की साधारण सभा की बैठक 7 अगस्त को

**नीमच।** जनपद पंचायत नीमच की साधारण सभा की बैठक 7 अगस्त 2025 को दोपहर 12.30 बे जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा मदनलाल धनगर की अध्यक्षता में जनपद सभा भवन नीमच पर किया जा रहा हैं।

### पशुहानि पर 75 हजार की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद सुश्री प्रीती संघवी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग (4)6 के तहत नीमकाखेड़ा के आवेदक सुरजमल पिता पृथ्वीराज धाकड की दो भैसों की मृत्यु पानी में बहने से मृत्यु हो जाने पर पीडित को 37500/- के मान से दो भैंसो की 75000/- रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार रतनगढ़ द्वारा एसडीएम जावद को प्रकरण तैयार कर प्रस्तुत किया गया था।

## सीएम हेल्पलाईन में दर्ज शिकायत का शीघ्र निराकरण करें

- शीघ्र प्रभावी एवं संतोषजनक निराकरण करें-डॉ.मोहन यादव
- समाधान ऑनलाईन में मुख्यमंत्री ने आवेदकों की लंबित समस्याओं के निराकरण की समीक्षा की

**नीमच। सीएम हेल्पलाईन में दर्ज प्रत्येक शिकायत का शीघ्र प्रभावी एवं संतोषजनक निराकरण प्राथमिकता से सुनिश्चित किया जाए। यह निर्देश मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने बुधवार को वीडियों कांफ्रेसिंग के माध्यम से समाधान ऑनलाईन कार्यक्रम में नागरिकों की लंबित समस्याओं के निराकरण की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होने विभिन्न जिलों के आवेदकों से वी.सी. के माध्यम से चर्चा कर, उनकी समस्याएं सुनी और उनका त्वरित निराकरण करवाया।**




कलेक्टोरेट नीमच में एनआईसी कक्ष में कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा, वनमण्डलाधिकारी एस.के.अटोदे, जिला पंचायत सीईओ श्री अमन वैष्णव, एडीएम लक्ष्मी गामड़, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नवलसिह सिसौदिया भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने सभी अधिकारियों और जिलो के निर्देश दिए, कि वे अतिवृष्टि एवं आपदा पीड़ितों को तत्काल मदद उपलब्ध करवाए। मुख्यमंत्री ने कहा, कि विभिन्न वर्गो के विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति का भुगतान चालू शैक्षणिक सत्र में ही सुनिश्चित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने अभियान चलाकर गुमशुदा, लापता बेटियों को ढुंढने के निर्देश देते हुए कहा, कि इस कार्य में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जावेगी।

## तीन सर्पदंश पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता स्वीकृत

**नीमच।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जावद प्रीती संघवी ने राजस्व पुस्तक परिपत्र भाग (4)6 के तहत तीन पीडित परिवारों को 12 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। एसडीएम जावद द्वारा ग्राम जोधाकुण्डला निवासी संपत्तिबाई पति रामचंद्र बलाई की 23 जून 2025 को सांप के काटने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस पति रामचंद्र पिता रूपलाल बलाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता एवं ग्राम जेतपुरा निवासी मृतक रमेश पिता गीतालाल भील की 27 जुन 2025 को जहरीले जानवर के काटने से मृत्यु हो जाने पर मृतक के वारिस माता हुडीबाई पिता किशनलाल भील को 4 लाख रूपये की आर्थिक सहायता इसी तरह ग्राम मुकेरा निवासी मृतका बगदीबाइगुर्जर की एक जुलाई 2025 को जहरीले जानवर के काटने से पति कालुराम को सहायता दी.




## आयुष शिविर जनकपुर में 78 रोगियों ने लिया लाभ

**नीमच। आयुष विभाग के शासकीय आयुर्वेद औषधालय जनकपुर द्वारा जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष बोरना के निर्देशन में बुधवार को निशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर शासकीय माध्यमिक विद्यालय जनकपुर में आयोजित किया गया।** शिविर में आमवात, संधिवात, त्वचा रोग ,उदर रोग,विबंध,
श्वास,कास,प्रतिश्याय, रक्त अल्पता, उच्च रक्तचाप,अर्श गैस अम्लपित, साइटीका, हृदय प्रमेह,आदि बीमारियों की जांच कर निःशुल्क औषधियाँ वितरित की। शिविर में बीपी, की निशुल्क जांच कर, आवश्यक परामर्श के साथ औषधियां उपलब्ध कराई गई। शिविर में कुल 78 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया।

शिविर में डॉ.नाथू सिंह मौर्य,डॉ.धीरज डावर, डॉ. नरसिंह चौहान,श्री भगवान दास बैरागी, श्री हरिशदास बैरागी,श्री हेमंत व्यास, श्री विनीत सोनी, श्रीमति सुधा भदौरिया श्री सोनू ने अपनी सेवाएं दी गई ।

## संगत म्युजिकल ग्रुप द्वारा एक शाम मो. रफी के नाम आज

**नीमच।** संगत म्युजिकल ग्रुप द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी एक शाम मो. रफी के नाम गीत संगीत का कार्यक्रम आज गुरूवार 31 जुलाई 2025 को रात्री 7.30 से 10.30 बजे तक टाऊन हाल सभागार, दशहरा मैदान नीमच पर आयोजित किया जायेगा। संगत म्युजिकल ग्रुप के जे.एस. संगत ने बताया कि यह कार्यक्रम पिछले 29 वर्षो से नीमच की संगीतप्रेमी जनता के लिये निःशुल्क आयोजित किया जाता रहा है और इस वर्ष भी ये निःशुल्क ही किया जा रहा है। जिसमें नीमच शहर की आमजनता के साथ गणमान्य अतिथिजन भी अपनी भागीदारिता का

**एक नजर** | शहर में घूम रहे मवेशी, लोगों को हादसे का डर...!

## आवारा मवेशियों के झुंड घूम रहे,मालिकों पर समझाइश का असर नहीं

नवभारत न्यूज

**नीमच।शहर में रोड पर आवारा मवेशियों के झुंड घूम रहे हैं। लोगों में हादसे का डर बना हुआ है कि कहीं कोई मवेशी उन्हें मार ना दे या वाहन के बीच में आने से कोई बड़ा हादसा ना हो जाए। शहर में आए दिन मवेशियों के हमले से लोग घायल हो रहे है।** नपा अफसरों ने कई बार मवेशी मालिकों को समझाइश भी दी है कि वे मवेशियों को घर में रखें। उन्हें शहर में खुला ना छोड़ें नहीं तो पकड़कर ग्रामीण क्षेत्रों के किसानों को सौंप दिया जाएगा।

इसके बावजूद शहर के मवेशी मालिक नहीं मान रहे हैं। शहर में मवेशियों के झुंड कम नहीं हो रहे। मवेशियों का झुंड घूमता रहा और आते-जाते लोग परेशान होते रहे। रोड पर घूमते मवेशियों की समस्याओं को लेकर जिम्मेदार जाग नहीं रहे है।

शहर में मुख्य मार्गो व बाजार में विचरण कर रहे मवेशियों के कारण आए दिन लोगों को परेशान होना पड़ता है। कई बार आवारा पशुओं की चपेट में आने से लोग घायल भी हो चुके है, लेकिन पशुओं की धरपकड़ को लेकर नगरपालिका निरंतर अभियान नहीं चला रही है।शहर के प्राइवेट बस स्टेड, टैगोर मार्ग, सब्जी मंडी मार्ग, रेलवे स्टेशन मार्ग, विकास नगर, हुडको कालोनी सहित एक दर्जन से अधिक गली मौहल्लों में आवारा पशु झूंड बनाकर घूमते हैं। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर भी मवेशियों का जमावड़ा रहता है।

पशुपालक गोवंश को दूध निकालने के बाद खुला छोड़ देते हैं। घर से निकलकर ये गोवंश सड़कों व हाईवे के अलावा खेतों मे घुस जाते हैं। दिन भर चारे की तलाश में या तो कूड़े के ढेर पर दिखाई देते हैं ।

### बेसहारा गोवंश दे रहे जीवन भर का दर्द

बेसहारा गोवंश हाईवे से लेकर शहर और गांवों की गलियों तक में बेधड़क घूम रहे हैं। गांवों में किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं तो शहरी क्षेत्र में मार्गो पर आवागमन में बाधा बन रहे हैं। इतना ही नहीं पेट की आग बुझाने में कोई आड़े आता है तो उसपर हमला भी कर रहे हैं। बेसहारा गोवंश तमाम लोगों के लिए जीवन भर का दर्द दे रहे हैं। इनकी वजह से कई ऐसे हादसे हो चुके हैं जिनसे लोगों ने अपनों को खोया है। वे शायद ही इसे भुला पाएं। इन गोवंश को गोशालाओं में भी ठिकाना नहीं मिल रहा है।

## दुर्गा वाटिका के समीप करोड़ों रुपए की जमीन पर अवैध अतिक्रमण का मुद्दा उठाया पोरवाल ने

**नीमच। नगर पालिका परिषद की करोड़ों रुपए की जमीन 14/4 विकास नगर दुर्गा वाटिका के समीप जो की पोरवाल समाज समिति नीमच के लिए सन 1999 में नगर पालिका परिषद द्वारा प्रस्तावित की गई है जो कि भोपाल में विचाराधीन है**

उक्त भूमि झूलेलाल मंदिर एवं दुर्गा वाटिका के मध्य की है नगर पालिका परिषद द्वारा वर्क आर्डर कर बाउंड्री वॉल निर्माण के आदेश दिए गए थे लेकिन मुख्य नगर पालिका के मौखिक आदेश से उसे समय बाउंड्री वालों का कार्य रुकवाया गया था आज 1 वर्ष बितजाने के बाद भी उक्त जमीन पर बाउंड्री वालों का निर्माण नहीं हुआ है। पोरवाल ने परिषद की बैठक में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया एवं सख्त लहजे में कहा है कि अगर तीन दिवस में उचित कार्रवाई नहीं की गई तो मैं नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेगी जिनकी समय जवाबदारी संबंधित अधिकारियों की होगी।पार्षद पोरवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा जब आवंटित होगी तब होगी लेकिन नगरपालिका अपने अधिपत्य में लेकर उसका बाउंड्री वालों का निर्माण तत्काल कारण अन्यथा में स्वयं नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरने पर बैठेगी, जिम्मेदारी पालिका अधिकारियों की होगी।

परिषद की बैठक में अगर बात को गंभीरता से नहीं लिया गया तो मैं धरने पर बैठ जाऊंगी। श्रीमती पोरवाल ने जिलाधीश महोदय से भी अनुरोध किया कि करोड़ों रुपए की जमीन को अपने आधिपत में लेवे। नगर पालिका अधिकारी को निर्देशित करें की बाउंड्री वालों का निर्माण तत्काल कारण। मध्य प्रदेश शासन द्वारा चलाई जा रही जनसुनवाई में भी श्रीमती पोरवाल पार्षदों के साथ जिलाधीश महोदय से मिलकर पूरी वस्तु स्थिति अवगत कराएगी एवं करोड़ की जमीन को मुक्त करावेगी।